प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 04.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्र का किया शुभारंभ, कहा– केन्द्र सरकार योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध।
- ईडी ने रांची, हजारीबाग और बड़कागांव में आठ जगहों पर दी दबिश, पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद के रिश्तेदारों और करीबियों के ठिकानों पर की छापेमारी।
- राज्य के पंचायत सचिवालयों में स्थानीय आधार केन्द्रों की होगी स्थापना, सरकार ने कॉमन सर्विस सेंटर–स्पेशल परपज व्हीकल के साथ किया समझौता।
- राज्य में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, अब तक औसत से 80 प्रतिशत अधिक बारिश, मौसम विभाग ने जुलाई में भी अच्छी बारिश का जताया पूर्वानुमान।
- रांची में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चौम्पियनशिप के दूसरे दिन के मुकाबले जारी, हिमाचल प्रदेश और असम ने दर्ज की जीत।

*********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज रांची के धुर्वा में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया। यह नया केंद्र देश के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री ने विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध।

*********************

प्रवर्तन निदेशालय, इडी ने आज रांची और हजारीबाग और बड़कागांव में आठ जगहों पर दबिश दी है। बताया जाता है कि मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के करीबियों और रिश्तेदारों के ठिकानों पर केन्द्रीय जांच एजेंसी छापेमारी कर रही है। ईडी की यह कार्रवाई कोयला उत्खनन और ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े मामले में की जा रही है। रांची में सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में पूर्व विधायक के एक करीबी के घर इडी की टीम छानबीन कर रही है जबकि हजारीबाग के बड़कागांव में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत शिवाडीह निवासी मनोज दांगी, पंचम कुमार और मंटू सोनी के ठिकानों पर छापेमारी जारी है। यह सभी पूर्व विधायक अंबा प्रसाद औरपूर्व मंत्री योगेंद्र साहू के बेहद करीब बताए जाते हैं।

*********************

धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम में कल से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस में डिजिटल तकनीक, व्यावसायिक उत्कृष्टता और सतत विकास पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में देश–विदेश के वैज्ञानिक भाग लेंगे। कॉन्फ्रेंस की संयोजक डॉ. रश्मि सिंह ने बताया कि यह आयोजन ज्ञान, नवाचार और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के साथ ही भारत के तकनीकी क्षेत्र में हो रहे बदलावों को समझने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा।

*********************

राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस सिलसिले में राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग और कॉमन सर्विस सेंटर– स्पेशल परपज़ व्हीकल के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत राज्य के पंचायत सचिवालयों में स्थायी आधार पंजीकरण और अद्यतन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। यह सुविधा अब ग्रामीण जनता को उनके स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें आधार से संबंधित सेवाओं के लिए दूरस्थ शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी को अपराधियों ने जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने इसकी शिकायत रांची के एसएसपी से की है। फिलहाल डा. अंसारी दिल्ली में हैं। उन्होंने बताया कि कल उन्हें मोबाइल नम्बर 7903928758 से कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गयी और अपशब्द भी कहे गये।

********************

व्यवहार न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए लोहरदगा जिले में 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान की शुरुआत की गयी है।

********************

गिरिडीह जिले के हरलाडीह थाना क्षेत्र में एक युवक और एक युवती के शव फंदे से झूलते मिले हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लड़का मुफस्सिल थाना के पंचरुखी गांव का रहने वाला है जबकि लड़की हरलाडीह थाना क्षेत्र की कुड़को की रहने वाली है। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

********************

शेयर बाजार में आज भारतीय बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी थोड़ी गिरावट के साथ खुले। अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा निर्धारित आगामी व्यापार समझौते की समयसीमा को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 50 अंकों की गिरावट के साथ 83 हजार 190 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 20 अंकों की गिरावट के साथ 25 हजार 384 पर था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 90 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने आज राजधानी रांची, धनबाद और देवघर समेत राज्य के नौ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई जिलों में नौ जुलाई तक गरज के साथ बारिश जारी रहेगी। राज्य में एक जून से अब तक औसत से 80 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गयी है। राज्य में जुलाई माह में भी अच्छी बारिश होने की संभावना है।

********************

रांची में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंम्पियनशिप के दूसरे दिन आज हिमाचल प्रदेश ने पुंडूचेरी को शून्य के मुकाबले नौ गोल से हरा दिया। एक अन्य मैच में असम ने जम्मू कश्मीर को तीन– दो से पराजित किया। आज कुल सात मुकाबले होने हैं।

**************